खबर संक्षेप

## परिषद ने किया विधायक का सम्मान

**मण्डला।** बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा का पत्रकार परिषद ने शनिवार को सम्मान किया है। जिला अध्यक्ष नीरज अग्रवाल उनके मण्डला सिविल लाईन स्थित आवास पहुंचे जहां पर सम्भागीय सम्मेलन के आयोजन का सम्मान पत्र भेंट किया। इस दौरान कांग्रेस मीडिया प्रभारी हिमांचल झारिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे। विधायक को राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद की समायिक जानकारी से अवगत भी कराया गया। बता दे कि राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद का सम्भाग स्तरीय सम्मेलन बीते माह कान्हा नेशनल पार्क में हुआ था। इस सम्मेलन में बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा का सम्मान मंच से राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानंद तिवारी, राष्ट्रीय संयोजक नलिनकांत बाजपेयी, प्रदेश अध्यक्ष देवशंकर अवस्थी, संभागीय अध्यक्ष राजीव उपाध्याय के द्वारा किया गया था। लेकिन विधायक श्री पट्टा इस कार्यक्रम में किन्ही कारणों के चलते उपस्थित नहीं हो पाये थे। जिनका सम्मान पत्र शनिवार को पत्रकार परिषद के जिला अध्यक्ष नीरज अग्रवाल ने सौंपा।

## श्री पुरुषोत्तम लाल साहू का निधन

**मण्डला।** भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री जवाहर लाल साहू के चाचा, सिझौरा गैस ऐजेंसी के संचालक सुरेश साहू के पिता प्रतिष्ठित व्यवसायी 90 बर्षिय श्री पुरुषोत्तम लाल साहू जी का 20 जुलाई, शनिवार शाम लगभग 6 बजे उपचार के दौरान मंडला में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 21 जुलाई रविवार को प्रातः 10 बजे गृह ग्राम सिझौरा सम्पन्न होगा। श्रीहरि मृतआत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।

## झंकार भवन में आज होगी शायरी, कविता और कथक नृत्य

# 4 दिवसीय रज़ा स्मृति का शुभारंभ





*** रज़ा कला वीथिका और रपटा घाट में शुरूहुई चित्रकारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

शनिवार को मशहूर चित्रकार सैयद हैदर रज़ा की स्मृति में रज़ा फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा चार दिवसीय रज़ा स्मृति - 2024 का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष भीष्म द्विवेदी, मृदु किशोर इंडस्ट्रीज की मेनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती मृदुला काल्पीवार, सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा एवं कलाप्रेमी राजेंद्र शर्मा द्वारा किया गया। 20 से 23 जुलाई 2024 तक आयोजित इस कार्यक्रम जिला न्यायालय के सामने स्थित रज़ा कला वीथिका के साथ-साथ रपटा घाट और झंकार भवन में भी किया जा रहा है। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके उपरांत उन्होंने रज़ा कला वीथिका में प्रदर्शित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान रज़ा स्मृति - 2024 के संयोजक व वरिष्ठ चित्रकार अखिलेश ने अतिथियों को प्रदर्शित चित्रों के बारे में जानकारी दी। रज़ा कला वीथिका के बाद अतिथियों ने रपटा घाट में आयोजित चित्रकला कार्यशाला में नर्मदा तट पर चित्रकारी कर रहे मेहमान कलाकार जनी भोसले, प्रीति मान, रिव्या बकुत्रा, पूर्वी शुक्ल, अनूप श्रीवास्तव, रानी मालवतकर, दीपक कुमार श्याम, आत्माराम श्याम, हरिओम पाटीदार और प्रभात जोशी से मुलाक़ात कर उनके कार्यों को देखा और समझा।

रज़ा कला वीथिका में चित्रकला कार्यशाला, माटी पर रंग और छाते पर रंग कार्यक्रम में पहुंचकर कला प्रेमी चित्रकारी कर रहेहै। कला प्रेमी ड्राइंग शीट, कैनवस, गमले, छातों पर चित्रकारी करते नज़र आ रहे है। इस कार्यशाला में आशीष कछवाहा, प्रवीण सैय्याम और अशोक सोनवानी लोगों को कला की बारीकी से अवगत करा रहे है। माटी पर रंग के तहत भीखम प्रजापति मिटटी चाक से मिटटी की चीज़े बनाना सिखा रहे है। यह कार्यशाला 20 जुलाई से 22 जुलाई तक सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगी।

रज़ा स्मृति - 2024 की सांस्कृतिक संध्या का आयोजन झंकार भवन में किया जा रहा है। रज़ा स्मृति के दूसरे दिन रविवार की शाम 6 बजे हिंदी उर्दू कविता पाठ होगा। इसमें वाज़दा खान, पूनम अरोड़ा, चराग शर्मा, शाहबाज रिज़्वी अपने कलाम और कविता प्रस्तुत करेंगे। इसके उपरांत स्थानीय कथक नृत्यांगना रानू चंद्रावल द्वारा कथक नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। रज़ा फाउंडेशन के सदस्य सचिव संजीव चौबे ने सभी कला प्रेमियों से रज़ा स्मृति के विभिन्न आयोजनों में शामिल होने की अपील की है।



## गुरूपूर्णिमा पर्व पर आज होंगे विविध आश्रमों में विविध कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

सनातनी धर्म में गुरू का बड़ा महत्व बताया गया है यहां तक कि गुरू की महिमा को ईश्वर से भी बढ़कर स्थापित किया गया है कहा गया है कि यदि गुरू और ईश्वर दोनों सामने हों तो पहले गुरू का ही सम्मान करना उचित होता है। यही कारण है कि हम सभी गुरू को सर्वोपरि मानते हैं और गुरूपूर्णिमा पर गुरू की ही पूजा अर्चन करते हैं।

आज गुरूपूर्णिमा पर्व विभिन्न गुरू आश्रमों में विविध कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे बड़ी खैरी स्थित हनुमान घाट आश्रम में प्रातः से ही पूजन हवन का सिलसिला प्रारंभ हो जायेगा स्वामी सीताराम दास जी महाराज के शिष्यगण यहां बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं आश्रम में स्थापित बजरंगबली की पूजन के उपरांत स्वामी जी का पूजन एवं आरती की जायेगी हवन आदि संपन्न होने के बाद कन्या भोजन एवं भण्डारे का आयोजन किया गया है हनुमान घाट आश्रम सेवा समिति ने सभी श्रद्धालुओं से इस अवसर पर उपस्थित होकर धर्मलाभ उठाने अपील की है।

### दादा धनीराम आश्रम में भी पूजन एवं भण्डारा

कारीकोन महाराजपुर स्थित दादा धनीराम जी के आश्रम में भी गुरूपूर्णिमा पर्व पर धार्मिक आयोजन किये जा रहे हैं सुबह औघड़ संत दादा धनीराम जी का अभिषेक किया जायेगा उसके बाद पूजन और फिर हवन होगा तत्पश्चात विशाल भण्डारा आयोजित हो रहा है इस धार्मिक कार्यक्रम में जिले के अलावा दूसरे जिलों एवं अन्य प्रदेशों से भी श्रद्धालुजन उपस्थित रहेंगे।



# वैध कॉलोनी के नाम पर हो रही अवैध प्लॉटिंग

*** रहवासियों को धमकाया जा रहा, एसडीएम कर रहे सुनवाई।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





बिनैका तिराहा स्थित अक्षरधाम कॉलोनी के रहवासी इन दिनों अपने कॉलोनाईजर सत्यप्रकाश जायसवाल से परेशान चल रहे हैं। यहॉ वहॉ शिकायतों का सिलसिला जारी है। आपको बता दें कि इस कॉलोनी का भव्य शुभारंभ 29 मार्च 2018 को हुआ था। इस दौरान कॉलोनाईजर द्वारा आकर्षक लोभ लुभानी सुविधाओं का वायदा कर मनचाही कीमत पर प्लॉट बेंचे गये थे। अब इस कॉलोनी में 50 से अधिक मकान में लोग रह रहे हैं और अन्य मकान निर्माणाधीन हैं। कॉलोनी में जो सुविधा देने का वायदा किया गया था वो सुविधा तो दिखाई नहीं दे रही हैं। पोल खडे हैं और स्ट्रीट लाईट का पता नहीं फिर भी यहॉ के रहवासी शान्ति से रह रहे हैं। जिसके चलते दिनांक 17.03.2020 को तत्कालीन एसडीएम द्वारा उक्त कॉलोनी को पूर्णता प्रमाण पत्र दे दिया गया। नियमानुसार इसके उपरांत कॉलोनाईजर को उक्त कॉलोनी स्थानीय निकाय के हेण्डओवर कर दिया जाना चाहिए था लेकिन अभी तक ऐंसा नहीं किया गया है जिससे यहॉ के रहवासी अन्य अनेकों सुविधाओं से वंचित हैं। और अब कॉलोनाईजर द्वारा इस कॉलोनी के पीछे अन्य जमीन खरीदी गई है जिसमें अक्षरधाम वैध कॉलोनी का हिस्सा बताकर अवैध प्लॉटिंग की जा रही है और यहॉ पर बनी बाउण्ड्री वॉल को तोड दिया गया है। जिससे यहॉ के लोग अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं अनाधिकृत वाहन एवं लोगों का आना जाना कॉलोनी के अंदर हो रहा है इससे पीडित होकर कॉलोनी वासियों द्वारा दिनांक 25.06.2024 को कलेक्टर की जनसुनवाई में शिकायत की गई थी। परिणाम स्वरूप इस मामले की सुनवाई एसडीएम द्वारा की जा रही है। विगत दिवस इस दौरान कॉलोनी के अनेकों लोगों द्वारा महिलाओं समेत एसडीएम कार्यालय पंहुचकर अपना पक्ष रखा गया, लेकिन कॉलोनाईजर सत्यप्रकाश जायसवाल अपना सत्य बताने नहीं आये। मामले को गम्भीरता से लिया गया है कार्यवाही का आश्वासन दिया गया है।

## हत्या के मामले में 8 साल से फरार स्थायी वारंटी को चौकी टाटरी पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/अंजनिया



चौकी टाटरी पुलिस पुलिस ने 8 साल से हत्या कर साक्ष्य छुपाने के मामले में फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। वहां से उसे जेल भेजा है। चौकी टाटरी थाना खटिया अंतर्गत हत्या के मामले में विवेचना पूर्ण कर माननीय न्यायालय में चालान पेश किया गया था। माननीय न्यायालय के प्रकरण क्रमांक एसटी 157/2016 धारा 302, 201, 34 भादवि में माननीय न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश मंडला द्वारा आरोपी दल्लू उर्फ दिलीप पिता लवकुश नंदा उम्र 25 वर्ष, ग्राम सुरखी चौकी टाटरी थाना खटिया के विरूद्ध स्थायी वारंट सन 2019 में जारी किया गया था। मंडला पुलिस द्वारा स्थायी वारंटी की तलाश लगातार की जा रहीं थी। स्थायी वारंटी रात में चुपके से घर आया था। जिसकी सूचना चौकी टाटरी पुलिस को मुखबिर द्वारा मिली थी। जिसे आज दिनांक को 08 साल से फरार स्थायी वारंटी को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

## पति की तेरहवीं के बाद पत्नी का निधन

**मण्डला।** पति-पत्नि का रिश्ता एक दूसरे का पूरक होता है एक के चले जाने से दूसरा अधूरा रह जाता है और जुदाई का गम बर्दाश्त नहीं कर पाता ऐसा ही कुछ हुआ जब ग्राम मानेगांव के भूतपूर्व सरपंच स्व श्री रघुवीर ठाकुर की तेरहवीं 18 जुलाई को संपन्न हुई और कल 20 जुलाई को उनकी पत्नी का देहांत हो गया। आप सचिव सुरतीत ठाकुर की माँ हैं । इनकी अंतिम यात्रा आज शाम 5:00 बजे निज निवास से मुक्तिधाम प्रस्थान करेगी जहां उनका अंतिम संस्कार किया जायेगा।



सम्मान | सेवानिवृत्त प्रोफेसर एवं शिक्षकों का किया गया सम्मान।

# विंध्य शिक्षा समिति कॉलेज में गुरू पूर्णिमा महोत्सव

*** सकारात्मक सोच ही सफलता की पूंजी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन के निर्देषानुसार एवं सरदार पटेल गुरप के चेयरमेन इंजी. दिवाकर सिंह, महाविद्यालय संचालक वीरेश्वर सिंह के आदेशानुसार विंध्य शिक्षा समिति कॉलेज खैरी, मण्डला में गुरूपूर्णिमा का महोत्सव मनाया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. राजेश चौरसिया पूर्व प्राचार्य आरडी कॉलेज मण्डला, विशिष्ट अतिथि तुलसीदास असाठी प्राचार्य क्रमांक 02 स्कूल मण्डला, अखिलेश चंद्रौल पूर्व प्राचार्य हायर सेकेण्डरी स्कूल सेमरखापा, कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में डॉ. आशीष ज्योतिषी प्राचार्य विंध्य शिक्षा समिति कॉलेज मण्डला उपस्थित रहे। गुरू बिना ज्ञान नहीं प्राप्त हो सकता यदि हमारे जीवन में कोई गुरू नहीं है तो हम सफलता को प्राप्त नहीं कर सकते। गुरूपूर्णिमा के अवसर पर दीप प्रज्जवलन के उपरांत कार्यक्रम प्रारंभ हुआ अतिथियों को पौधे देकर स्वागत किया गया, महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा शाल-श्रीफल से अतिथियों का सम्मान किया गया। अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को अपने अनुभव बताये इस क्रम में राजेश चौरसिया ने कहा कि सभी छात्र-छात्राओं को ध्यान रखना चाहिये कि यदि आपको अपोर्चनिटी मिलती है तो उसे जाया नहीं करना चाहिये तत्काल ले लेना चाहिये क्योंकि जीवन में अपोर्चनिटी एक बार आती है यदि हमने उसका उपयोग नहीं किया तो पछताना पड़ता है। तुलसीदास असाठी ने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुये बताया कि गुरू द्वारा दी गई शिक्षा अनंतकाल तक चलती है और व्यक्ति हर समय सीखता रहता है आज छात्र-छात्राओं के लिये चैलेंज का समय है संघर्ष बहुत अधिक है आप सफल तभी होंगे जब आप नकारात्मक सोच से परे रहेंगे संघर्ष के समय में निराशा आती है परन्तु इससे भयभीत नहीं होना चाहिये स्वयं को कभी कम नहीं आंकना चाहिये सतत प्रयास एवं गुरू के बताये हुये रास्ते पर चलने से सफलता निश्चित तौर पर प्राप्त होती है। मार्गदर्शन के क्रम में अखिलेश चंद्रौल ने कहा कि शिक्षक का पद सबसे सम्मानीय होता है आज के समय में हर एक विद्यार्थी को अपडेट रहना जरूरी है क्योंकि योग्यता सबकुछ नहीं होती आपका आत्मविश्वास सकारात्मक सोच इस प्रतिस्पर्धा के जमाने में सफलता की पूंजी है। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. आशीष ज्योतिषी ने कहा कि हमारे पहले गुरू हमारे माता-पिता हैं जिनका सम्मान निहायत जरूरी है इसके बाद गुरू का स्थान आता है जो हमें जीवन जीने की कला सिखाता है। गुरू का ऋण हम जिंदगी भर नहीं चुका सकते हमे गुरूओं का सम्मान न केवल गुरूपूर्णिमा के ही दिन वरन् हर दिन को गुरूपूर्णिमा का दिन समझकर करना चाहिये। आभार प्रदर्शन करते हुये तनुजा शर्मा ने गुरू की महिमा बताते हुये कहा कि गुरू के ही कारण हमारी संस्कृति, संस्कार आज बचे हुये हैं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विश्वविद्यालय के कुलपति को कुल गुरू का नाम दिया गया है की जानकारी छात्र-छात्राओं को प्रदान की। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे। मंच संचालन ललिता पटेल ने किया।



## अंजनिया में ओवरब्रिज व बिछिया में बाईपास निर्माण की मांग

*** सांसद कुलस्ते व मंत्री उइके के आवास जाकर बिछिया विधायक ने सौंपा मांग पत्र।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



बिछिया विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर सक्रिय रहने वाले विधायक नारायण सिंह पट्टा शनिवार को मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते व कैबिनेट मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके के मंडला स्तिथ आवास पहुंचकर अपने क्षेत्र के नागरिकों की जान की सुरक्षा व नागरिक सुविधा के लिए नेशनल हाईवे 30 में अंजनियां में ओवरब्रिज निर्माण एवं बिछिया में बाईपास निर्माण के लिए मांग पत्र सौंपा है। अपने पत्रों में उन्होंने लेख किया है कि अंजनियां में ओवरब्रिज नहीं होने से आये दिन दुर्घटनायें घटित हो रही हैं जिसमें आम नागरिकों की असमय मृत्यु हो रही है, इस हेतु केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री ने मंडला के कार्यक्रम में घोषणा भी की थी लेकिन आज तक इसकी स्वीकृति नहीं मिली है। इसी तरह नेशनल हाईवे 30 में बिछिया नगर के भीतर से हाईवे जाता है जिसके कारण लगातार दुर्घटनायें हो रही हैं और नगर की व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है इसके लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने वर्ष 2017 व 2022 में दो दो बार घोषणा भी की है लेकिन आज तक इसकी स्वीकृति नहीं मिली है। इस हेतु नागरिक हित में अंजनियां में ओवरब्रिज व बिछिया में बाईपास निर्माण की स्वीकृति दिलाई जाये। उक्त पत्रों को देने के लिए बिछिया विधायक स्वयं मंडला सांसद व कैबिनेट मंत्री के मंडला स्तिथ आवास पहुंचे लेकिन दोनों ही अपने आवास में नहीं मिले और उनके प्रतिनिधियों को पत्र दिया गया। बिछिया विधायक ने कहा है कि जनता के हित के लिए काम करना जनप्रतिनिधि का मूल दायित्व होता है, इसी दायित्व बोध के चलते हम विगत 5 वर्ष से इन दोनों विषयों के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे, अब मंडला सांसद और कैबिनेट मंत्री को जनता के हित में अपनी जबाबदारी निभानी है, हमें पूरी उम्मीद है वे इन दोनों विषयों को संवेदना शीलता से लेते हुए कार्यवाही करेंगे।

## खबर संक्षेप

### राज्यमंत्री विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल 20 जुलाई 2024 को शाम 4:10 बजे ट्रेन द्वारा भोपाल से अनूपपुर हेतु प्रस्थान करेंगे तथा रात्रि 2:25 बजे रेलवे स्टेशन अनूपपुर पहुंचेंगे। तत्पश्चात रात्रि 2:35 बजे अनूपपुर से बिजुरी हेतु प्रस्थान करेंगे एवं बिजुरी निज निवास पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। आज प्रातः 10:30 बजे बिजुरी से कोतमा के लिए प्रस्थान करेंगे एवं शासकीय महाविद्यालय कोतमा पहुंचकर गुरू पूर्णिमा के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। तत्पश्चात दोपहर 1 बजे कोतमा से बिजुरी के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 1:30 बजे बिजुरी निज निवास पहुंचकर जनता व जनप्रतिनिधियों से भेंट करेंगे तथा स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। रात्रि विश्राम निज निवास बिजुरी में करेंगे।

### पौधारोपण करते फोटो वायु दूत एप में अपलोड करने के निर्देश

**अनूपपुर।** प्रधानमंत्री के आव्हान पर तथा मध्य प्रदेश सरकार द्वारा अधिक से अधिक पौधरोपण के लिए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान संचालित किया जा रहा है पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के लिए चलाए जा रहे इस अभियान में जन सहभागिता सुनिश्चित की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने बताया है कि मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान में पौधारोपण करने वाले व्यक्ति को वायुदूत एप में पौधरोपण करते फोटो अपलोड करनी चाहिए उन्होंने बताया है कि गूगल प्ले-स्टोर्स से 'वायुदूत एप' डाउनलोड कर पंजीयन करना होगा। सुविधा के लिए मोबाइल एप्लीकेशन की डायरेक्ट लिंक न्यूज के सबसे नीचे उपलब्ध कराई गई है। कार्यक्रम में भाग लेने वाले व्यक्ति को स्वयं के संसाधन से कम से कम एक पौधा लगाकर, पौधारोपण की फोटो मोबाइल एप पर अपलोड करनी है। पौधा लगाने के तीस दिन बाद फिर से पौधे की नई फोटो एप पर अपलोड करना होगा। इसके साथ ही आपको एक सहभागिता प्रमाण-पत्र मिल जाएगा जिसे आप इसी मोबाइल एप्लीकेशन से डाउनलोड कर सकते हैं। जिला पंचायत सीईओ तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने जिले वासियों से अनुरोध किया है कि पौधा रोपते फोटोग्राफ आवश्यक रूप से वायु दूत एप में अपलोड करें जिससे जिले में बड़े पैमाने पर हो रहे पौधारोपण कार्य परिलक्षित हो सके।

### जिले में 1.5 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 1.5 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वषार्मापी केन्द्र वेंकटनगर में 1.2, अमरकंटक में 9 तथा बेनीबारी में 1.8 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई। वषार्मापी केन्द्र अनूपपुर, कोतमा, बिजुरी, जैतहरी तथा पुष्पराजगढ़ में वर्षा निरंक दर्ज की गई।

### करंट की चपेट में आया युवक, मौत

**शहडोल।** नगर परिषद की लापरवाही की चलते युवक की स्ट्रीट लाइट पोल पर दौड़ रहे करंट की चपेट में आने से मौत हो गई, मौत के बाद नाराज परिजनों ने नाराजगी जताते हुए नगरपरिषद की लापरवाही के चलते मौत का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है, मामले की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंची अमलाई पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुट गई, वही नगरपरिषद के नगरपालिका सीएमओ प्रभात बरकड़े, अध्यक्ष श्रीमती मौसमी केवट और उपाध्यक्ष वैभव विक्रम सिंह तथा अमलाई थाना प्रभारी जे.पी.शर्मा आदि ने मृतक के परिजनों से भेंट की और उन्हें आपस में सहयोग कर एकत्र की गई 04 लाख की नगद राशि प्रदान की, वहीं परिषद के उपाध्यक्ष विक्रम वैभव ने बताया की हमारी प्राथमिकता शव का पोस्टमार्टम के बाद उसके अंतिम संस्कार एवं परिजनों के मदद की दी, फौरी तौर पर आपस में एकत्र कर चार लाख रुपए की मदद की गई और संबल योजना तथा शासन की अन्य योजनाओं से मृतक के परिवार को आगे भी लाभ दिलाया जायेगा।

# राज्य समन्वयक पीएम पोषण ने जिला पंचायत सीईओ को जारी किया नोटिस

*मध्याह्न भोजन में लापरवाही बर्तने जाँच व पालनप्रतिवेदन प्रस्तुत करने दिये निर्देश*

**डिंडौरी।** शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के बाद भी डिंडौरी जिले में लगभग 23 स्कूल में नहीं मिल रहे मध्याह्न भोजन मामले में राज्य समन्वयक, पीएम पोषण, मध्य प्रदेश, भोपाल ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत व कलेक्टर को नोटिस जारी कर जाँच एवं पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने निर्देश दिये है। बता दें कि जिले के अधिवक्ता सम्यक जैन ने पत्र व सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के माध्यम से पोस्ट शेयर किया था जिसमे लिखा था "मध्याह्न भोजन कार्यक्रम शासन का फ्लैगशिप कार्यक्रम है तथा जीरो टॉलरेंस में महत्वपूर्ण कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जाना जिले के अधिकारियों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इस तरह की खबर प्रकाश में आना शासन की योजना को आईना दिखाने जैसा है।

जिसको प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने अपनी टाइमलाइन में रिपोस्ट करके सम्यक जैन का समर्थन किया था। राज्य समन्वयक, पीएम पोषण ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित मामले को संज्ञान में लेकर पीएम पोषण वितरण की जाँच कराते हुए आवश्यक कार्यवाही करते हुए कलेक्टर व मुख्य कार्यपालन अधिकारी को व तत्काल परिषद को भी कृत कार्यवाही से अवगत कराने निर्देशित दिये है।

बता दें कि नवीन सत्र प्रारंभ होते ही जिले में मध्याह्न भोजन कार्यक्रम प्रारंभ हो चुका है जिसमे प्रदेश के मुखिया मोहन यादव ने बड़ी गर्मजोशी से स्कूल चले हम अभियान का शुभारंभ किया लेकिन आदिवासी बाहुल्य जिले के ग्रामीण अंचलों में सरकार की इस मुहिम पर पलीता लगाते हुए अधिकारी बाज नहीं आ रहे है। खैर मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने प्रधान मंत्री पोषण शक्ति निर्माण, जिला पंचायत डिंडौरी के कार्य संपादन हेतु सी.एस. सिंह, परियोजना अधिकारी, जिला पंचायत डिंडौरी को आदेशित किया गया था जिसको हटाकर आनंद मौर्य, क्वालिटी मॉनिटर को उनके मूल योजना प्रधान मंत्री पोषण शक्ति निर्माण के समस्त कार्य दायित्व का निर्वहन किए जाने हेतु आगामी आदेश पर्यंत तक के लिए आदेशित किया है ।

## मध्याह्न भोजन संचालन में लापरवाही के चलते प्रभारी अधिकारी सी.एस. सिंह को हटाया, गुणवत्ता निरीक्षक आनंद मौर्य को सौंपा प्रभार

**डिंडौरी।** जिले में शासन की महत्वपूर्ण योजना के क्रियान्वयन में व्याप्त अनियमितता के चलते प्रभारी अधिकारी सी एस सिंह को तत्काल प्रभाव से हटाते हुए जिला गुणवत्ता निरीक्षक एम ड़ी एम आनंद मौर्य को एम ड़ी एम का सम्पूर्ण दायित्व सफलता पूर्वक निभाने हेतु प्रभार सोपा गया है। विदित होवे की समाचार पत्रों में जिले में चल रही एम ड़ी एम योजना में हो रही गड़बड़ी एवम शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के बाद भी डिंडौरी जिले में लगभग 23 स्कूल में नहीं मिल रहे मध्याह्न भोजन की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी। जिस पर जिला कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी विमलेश सिंह ने तत्काल संज्ञान लेते हुए प्रभारी अधिकारी सी.एस. सिंह को हटाते हुए निर्वाचन कार्य मे संलग्न जिला गुणवत्ता निरीक्षक आनंद मौर्य को उनके मूल योजना प्रधान मंत्री पोषण शक्ति निर्माण के समस्त कार्य



दायित्व का निर्वहन किए जाने हेतु आगामी आदेश पर्यंत तक के लिए आदेशित किया है।

### शुक्रवार की कार्यवाही में हुई 15 कि.ग्रा. मछली जप्त

**डिंडौरी।** मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा 3 (2) के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्योखेट, मत्स्य विक्रय, मत्स्य परिवहन आदि प्रतिबंधित है। उक्त आदेश के परिपालन में 19 जुलाई 2024 को आर.के चंदेल प्रभारी सहायक संचालक मत्स्योद्योग डिण्डौरी के नेतृत्व में बी. के. सिरसाम मत्स्य निरीक्षक उडनदस्ता दल प्रभारी, एच.सी. विश्वकर्मा मत्स्य निरीक्षक, विशाल शरणागत मत्स्य निरीक्षक, जय प्रकाश धुर्वे सहा. ग्रेड तीन एवं दशरथ प्रसाद वरकडे चैकीदार आदि दल ने ग्राम खरगहना के मछली बाजार से 15 कि.ग्रा. मछली राशि 700 रूपए जप्त की गई। जिसकी नीलामी कर राशि 700/- रूपए शासन के खातें में जमा किया गया।

# बजाग मुख्यालय में झोलाछाप डॉक्टरों पर रहम





*जिले में कार्यवाही के बाद भी सरेआम चल रहे अवैध दवाखाना*

**डिंडौरी।** मध्यप्रदेश शासन के आदेश पर पूरे प्रदेश में फर्जी डाक्टर द्वारा संचालित क्लीनिक पर अवैध रूप से अंग्रेजी दवाइयां के उपयोग पर कार्यवाही के लिए सख्त कार्यवाही किया जाना है। जहां एक ओर जिला मुख्यालय पर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा फर्जी डाक्टर की क्लीनिक पर कार्यवाही की गई और उनकी क्लीनिक पर ताला लगाया गया वहीं दूसरी ओर तहसील एवं अनुभाग मुख्यालय बजाग फर्जी डाक्टर पर कार्यवाही ना होने के चलते क्षेत्र के फर्जी डाक्टर बेखौफ होकर फर्जी क्लीनिक चला रहे हैं। मुख्यालय में अनेक स्थानों पर अवैध रूप से फर्जी डाक्टर की क्लीनिक चल रही है जबकि प्रशासन खामोश है। वहीं विभागीय अमला जल्द कार्यवाही का आश्वासन दे रहा है। हालांकि क्षेत्र में फर्जी डाक्टर पर विभागीय अधिकारियों द्वारा इस तरह के अवैध क्लीनिक पर हमेशा से ही रहम करते रहे हैं क्षेत्र में बजाग, गाड़ा सरई, बिझौरी, खरगहना, पंडरीपानी सहित अनेक स्थानों पर झोलाछाप डॉक्टरों की अवैध क्लीनिक संचालित है वहीं दूसरी ओर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं किया जाना अफसरों की मानसिकता पर प्रश्न चिन्ह लगाता है।

**इनका कहना है...**

टीम गठित हो गई है इसी हफ्ते हम पूरी टीम के साथ विकासखंड में अनेक स्थानों पर कार्यवाही करेंगे।
**दीपेंद्र धुर्वे, बी एम ओ, बजाग**

# झोपड़ी में रहने को मजबूर बैगा परिवार जनमन योजना का नहीं मिला लाभ



**अमरपुर।** जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत कोको के पोषक ग्राम लखनपुर में निवासरत पूरन सिंह पिता ननसू बैगा का परिवार इस बारिश के मौसम में एक क्षतिग्रस्त मकान में जीवन व्यतीत करने मजबूर हैं। जबकि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जन मन आवास योजना के तहत प्रत्येक बैगा परिवार को आवास उपलब्ध करवाने की योजना भी संचालित हैं। जिसका ग्राम पंचायत स्तर से सर्वे कर बैगा परिवारों को आवास उपलब्ध भी कराया गया हैं। परंतु पूरन सिंह बैगा परिवार को एक आवास की जरूरत हैं। वह अपनी पत्नी के साथ ऐसे क्षतिग्रस्त मकान में दिन गुजार रहा हैं। देखने में महसूस होता हैं कि किसी भी दिन तेज बारिश से उनका मकान जमींदोज भी हो सकता हैं। साथ ही कोई अप्रिय घटना की संभावना बनी हुई हैं। ऐसी स्थिति देखकर लगता हैं कि शासकीय योजनाओं का धरातल से दूर-दूर तक सरोकार ही नहीं हैं। एक बैगा जनजाति का परिवार अपनी जान खतरे में डालकर जीवन यापन करने को मजबूर हो रहा हैं।

**इनका कहना हैं...**

यह मेरी जानकारी में नहीं हैं, मैं इस प्रकरण को दिखवाता हूं।
-लौकेश नारनौरे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अमरपुर

# जिला प्रशासन के निरंतर प्रयासों से गाँव-गाँव तक पहुंच रही स्वास्थ्य सेवायें

*जिले के विकास खण्ड स्तर पर आयोजित हुए रेवा हेल्थ कैंप*




**डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशानुसार प्रत्येक शनिवार जिले में रेवा हेल्थ कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के समस्त कोटवारो एवं ऑगनवाड़ी केन्द्र के कर्मचारी के साथ-साथ परिवारो का विशेष रूप से स्वास्थ्य कैंप मे भूमिका रही आज आयोजित रेवा कैंप के दौरान वार्ड नं. 05 डिंडौरी में विकास खण्ड शहपुरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शहपुरा विकास खण्ड समनापुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द समनापुर विकास खण्ड अमरपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अमरपुर विकास खण्ड मेंहदवानी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मेंहदवानी विकास खण्ड करंजिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करंजिया विकास खण्ड डिण्डारी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विक्रमपुर विकास खण्ड बजाग के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बजाग में लोगों ने स्वास्थ्य सेवा का लाभ लिया। प्रति शनिवार को आयोजित होने वाला रेवा शिविर के माध्यम से महिला बाल विकास विभाग स्वास्थ्य विभाग और आयुष विभाग के संयुक्त प्रयासों से स्वास्थ्य सेवायें गाँव गाँव तक पहुंच रही है।

आयोजित रेवा हैल्थ कैंप के दौरान 585 लोगों ने उपस्थित हुए जिसमें से 13 कुपोषित बच्चे 3 सिकल सेल 2 गर्भवती महिला चिन्हित किए। 492 लोगों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यकतानुसार को दवाईयां वितरण किए गए एवं 111 लोगों को आयुष विभाग से लाभान्वित किया गया।रेवा स्वास्थ्य कैंप में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कुपोषण निवारण के लिए पोषण प्रदर्शन शारीरिक माप सेरेपल्स पावडर वितरण किया जा रहा है।जिसमें बच्चों के आयु के अनुसार उचित वृद्धि ना होनाए उनमे पोषक तत्व की कमी को प्रदर्शित करता हैए बच्चों को चिन्हित करने में बाद आंगनबाडी कार्यकर्त्ताओं द्वारा निरंतर फॉलोअप लिया जाता है जिससे बच्चे सैम श्रेणी से मैम श्रेणीए मैम श्रेणी से सामान्य श्रेणी में आ रहे है। रेवा स्वास्थ्य कैंप में महिला स्वास्थ्यए माताओं की देखभालए धात्री माताएँ सहित अन्य लोग भी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लें रहे है।

महिला एवं बाल विकास विभाग निरंतर रूप से माताओं और बच्चों के पोषण आहार पर महत्वपूर्ण सलाह देता है, जिससे दवा के साथ स्वस्थ आहार के प्रति जागरूकता बढे। आंगनवाड़ी द्वारा वितरित किया जाने वाला टीएचआर का उपयोग कर विभिन्न व्यंजनों के माध्यम से बच्चों में भोजन के प्रति रूचि बढ़ाई जाती है।रेवा कैंप एक विशेष प्रयास है जिसमें स्वास्थ्य विभाग बीपी शुगर सिकलसेल एनीमिया आदि गंभीर रोगों की जाँच कर उनका उपचार कर रहा है। आयुष विभाग द्वारा आयुर्वेदिक दवाएं दी जाती है। शिविर में सीईओ सीडीपीओ डॉक्टर पर्यवेक्षक सीएचओ सचिव जीआरएस कार्यकर्त्ता सहायिका आशा पंचायत विभाग राजस्व कृषि पीएचई और अन्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। रेवा हेल्थ कैंप के माध्यम से कुपोषण की पहचान की जा रही हैए जिसमें बच्चों के आयु के अनुसार उचित वृद्धि ना होना उनमे पोषक तत्व की कमी को प्रदर्शित करता है बच्चों को चिन्हित करने में बाद आंगनबाडी कार्यकर्त्ताओं द्वारा निरंतर फॉलोअप लिया जाता है।

रेवा स्वास्थ्य कैंप में महिला स्वास्थ्यए माताओं की देखभालए धात्री माताएँ सहित अन्य लोग भी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लें रहे है। आयुष विभाग वात पित्त और कफ में संतुलन बनाकर रोगियों का उपचार करता हैए जिससे सम्बंधित बीमारियां पूरी तरह ठीक हो सके। महिला एवं बाल विकास विभाग निरंतर रूप से माताओं और बच्चों के पोषण आहार पर महत्वपूर्ण सलाह देता है जिससे दवा के साथ स्वस्थ आहार के प्रति जागरूकता बढे। आंगनवाड़ी द्वारा वितरित किया जाने वाला टीएचआर का उपयोग कर विभिन्न व्यंजनों के माध्यम से बच्चों में भोजन के प्रति रूचि बढ़ाई जाती है साथ ही रेवा स्वास्थ्य कैंप में आये सभी लोगों को खिचड़ी का वितरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग बीपी शुगर आदि गंभीर रोगों की जाँच कर उनका उपचार कर रहा है। रेवा कैंप एक साँझा प्रयास है जिसमें सभी विभाग अपनी भूमिका निभा रहे है।

महिला बाल विकास अधिकारी श्याम सिंगौर ने बताया की आज स्वास्थ्य रेवा कैंप में विशेष रूप से समस्त सी ई ओ जनपद पंचायत, आयुष विभाग डॉ संतोष परस्ते ,डॉ समीक्षा ,थाना प्रभारी बीएमओ जिला पंचायत से राम जीवन वर्मा उपयंत्री ,पी सी ओ महिला बाल विकास के सुपरवाईजर, ऑगनवाड़ी कार्यकर्ता समस्त कोटवारो का स्वास्थ्य परीक्षण कर सिकल सेल एनीमिया एवं अन्य बीमारियो की जॉच कर परीक्षण किया गया और उन्हे आवश्यकता के अनुसार दवाईयॉ वितरण की।

### श्रीहरि मंदिर कोसमडीह में किया गया पौधारोपण



**डिंडौरी।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 19 जुलाई को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् द्वारा श्रीहरि मंदिर कोसमडीह में आम-80, अमरूद -110, नींबू -110, कटहल-80, आंवला -60 कुल 440 पौधे लगाए गए। प्रकृति को हरा-भरा रखने के लिए सभी को आगे आकर पौधारोपण कार्य करना चाहिए उक्त अभियान अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् की विकासखण्ड समन्वयक श्रीमती अंजू दुबे विकासखंड बजाग, श्रीहरि मंदिर के व्यवस्थापक आत्माराम दीक्षित, नवांकुर संस्था से प्रतिनिधि, मेंटर्स खिलावन सिंह गौतम, शिवकुमार धुर्वे, श्रीमती मनीषा द्विवेदी, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र छात्राओं ने सहयोग प्रदान किया ।

# उत्कृष्ट विद्यालय शहपुरा में कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण कक्षाओं में बच्चो से किया संवाद





**शहपुरा।** डिंडोरी जिला की शहपुरा नगर पहुंच दिनांक 20.7.2024 दिन शनिवार को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहपुरा में डिंडौरी कलेक्टर विकास मिश्रा द्वारा औचक निरीक्षण किया गया जिसमें कलेक्टर मिश्रा ने विद्यालय की कक्षाओं में बच्चो से संवाद किया एवं शिक्षा से संबंधित चर्चाएं की। विद्यालय की संस्था की लाइब्रेरी, विज्ञान प्रयोगशाला, रसायन विज्ञान प्रयोगशाला का निरीक्षण किया तथा साथ ही शिक्षक उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया तथा प्रसन्नता जाहिर की। विद्यालय में उपस्थित संस्था के प्राचार्य डॉ डी.के. श्रीवास्तव, डॉ प्रतिभा श्रीवास्तव, तृप्ति गुरुदेव, प्रशांत साहू, मिलन सिंह वरकडे, सीमा ठाकुर, विजय लक्ष्मी तिवारी, अनिल झारिया, गजरू सिंह परस्ते, सुरेंद्र गुप्ता, मोहम्मद तारिक, ज्योति गोंड, सतीश पाठक, सचिन झारिया एवं मुरली साहू लेखापाल, के एल यादव आदि उपस्थित रहे।

# गुरु पूर्णिमा पर विशेष, गुरु शिष्य परंपरा

**डिंडौरी।** भारतीय ज्ञान परंपरा, ज्ञान और प्रज्ञा का प्रतीक है प्राचीन और सनातन भारतीय ज्ञान और विचार की समृद्ध परंपरा के आलोक में गुरु शिष्य परंपरा गुरु पूर्णिमा के रूप में भारतीय संस्कृति का आधार है जिसको विद्यार्थी और युवा पीढ़ी मनाते हैं भारतीय ज्ञान परंपरा अद्वितीय ज्ञान और प्रज्ञा का प्रतीक हैं साथ ही गुरु शिष्य परंपरा भी प्रज्ञा और ज्ञान का प्रतीक है जिसमें ज्ञान और विज्ञान, लौकिक और परालौकिक, कर्म और धर्म तथा भोग और त्याग का अद्भुत समन्वय है ज्ञान प्रज्ञा और सत्य की खोज को भारतीय विचार परंपरा और दर्शन में सदा सर्वोच्च लक्ष्य माना जाता है प्राचीन भारत में शिक्षा का लक्ष्य सांसारिक जीवन अथवा स्कूल के बाद के जीवन की तैयारी के रूप में ज्ञान अर्जन नहीं बल्कि पूर्ण आत्मज्ञान और मुक्ति के रूप में माना गया था भारत द्वारा 2015 में अपनाए गए सतत विकास एजेंडा 2030 के लक्ष्य चार में परिलक्षित वैश्विक शिक्षा विकास योजना के अनुसार विश्व में 2030 तक सभी के लिए समावेशी और सामान गुणवत्ता युक्त शिक्षा सुनिश्चित करने और जीवन पर्यंत शिक्षा के अवसरों को बढ़ावा देने का लक्ष्य है इस हेतु संपूर्ण शिक्षा प्रणाली को समर्थन और अधिगम को बढ़ावा देने के लिए पुनर्गठित करने की आवश्यकता होगी ताकि सतत विकास के लिए 2030 एजेंडा के सभी महत्वपूर्ण लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। गुरु शिष्य परंपरा को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार 2040 तक भारत के लिए ऐसी शिक्षा प्रणाली का लक्ष्य रखा गया है जो की किसी से पीछे नहीं है ऐसी शिक्षा व्यवस्था जहां किसी भी सामाजिक और आर्थिक पृष्ठभूमि से संबंधित शिक्षार्थियों को समान रूप से सर्वोच्च गुणवत्ता की शिक्षा साथ ही संस्कार उपलब्ध हो सकेंगे यह 21वीं सदी की पहली शिक्षा नीति होगी जिसका लक्ष्य हमारे देश के विकास के लिए अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करना साथ ही भारत की परंपरा और सांस्कृतिक मूल्यों के आधार को बरकरार रखते हुए 21वीं सादी की शिक्षा के लिए आकांक्षात्मक लक्ष्य को प्राप्त करना होगा अनुसंधान एवं ज्ञान के परिक्षेत्र में पूरा विश्व तेजी से परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है मानवीय और कल की मांग बढ़ेगी क्योंकि भारत एक विकसित देश बनने के साथ-साथ दुनिया की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने के साथ-साथ आत्म निर्भरता की ओर अग्रसर है वर्तमान में सीखने के परिणाम और जो आवश्यक है उनके मध्य की खाई को प्रारंभिक बाल्यावस्था से देखभाल और उच्चतर शिक्षा के माध्यम से शिक्षा में गुणवत्ता सिस्टम में अखंडता लाने वाले प्रमुख सुधारो के जरिए पूर्ण किया जा सकता है।

### आवासीय कन्या शिक्षा परिसर में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**डिंडोरी।** दिनांक 20.07.2024 को थाना यातायात पुलिस डिण्डौरी आवासीय कन्या सिछा परिसर डिण्डौरी में 'राजस्थान प्रशासनिक सेवा' से सेवानिवृत्त एवं पुलिस अधीक्षक डिण्डौरी वाहनी सिंह के पिता महावीर सिंह को आमंत्रित कर संयुक्त यातायात जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया गया ।जिसमें महावीर सिंह द्वारा स्कूली बच्चो को डेमों के माध्यम से सडक दुर्घटना के समय हेलमेट की महत्ता को बारीकी से समझाया गया ।महावीर सिंह द्वारा स्कूली बच्चो को जानकारी देते हुये बतलाया गया कि सडक दुर्घटनाओं में अधिकांश मृत्यु सिर में चोट लगने के कारण होती है, एवं हेलमेट किस तरह हमारे सिर की सुरक्षा कर सडक दुर्घटना के दौरान प्राणरक्षक साबित होता है । कार्यक्रम के दौरान यातायात प्रभारी सुभाष उइके द्वारा नाबालिक बच्चो द्वारा वाहन न चलाने, बिना ड्रायविंग लायसेंस के वाहन न चलाने, ओव्हर स्पीड न चलने एवं यातायात के नियमों के संबंध में जानकारी दी जाकर यातायात के नियमों का पालन करने एवं अपने पालकों को भी यातायात के नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित करने का आग्रह किया गया । जिला परिवहन कार्यालय से राम बिसाल मिथलेश द्वारा स्कूल के बारे में जानकारी प्रदान की साथ की सिंह की तारीफ करते हुए कहां की ऐसे अधिकारी होना बहुत जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान 'राजस्थान प्रशासनिक सेवा' से सेवानिवृत्त महावीर सिंह थाना प्रभारी यातायात सुभाष उइके, आर. 359 कृष्णपाल सिंह, आर. 367 कमलेश अहिरवार, आर. 270 भूपेन्द्र डोल्हारे , आर पी कुशवाहा नेहरू युवा केंद्र डिंडोरी से उपस्थित रहे साथी वृक्षारोपण भी आयोजन कन्या परिसर में किया गया।

# किकरकुंड में गिरकर बह गया था अधेड़ पांचवे दिन 3 किमी दूर मिला शव

**मेंहदवानी।** पुलिस थाना मेंहदवानी अन्तर्गत किकरकुंड जल प्रपात में विगत मंगलवार को बगली निवासी रामनाथ भारतीया पिता चैधरी भारतीया उम्र 55 वर्ष फिसलकर गिर गया था और बह गया था जिसका शव पांचवें दिन शनिवार को सुबह लगभग 3 किलोमीटर दूर खाल्हे डुलहरी के पास नदी किनारे सड़ी गली अवस्था में मिला है। शव मिलने पर ग्राम पंचायत भुरका के सरपंच ने इसकी सूचना पुलिस थाना प्रभारी मेंहदवानी को दी। सूचना मिलते ही मेंहदवानी पुलिस मौके पर पहुंच गई और पंचनामा की कार्यवाही कर शव कब्जे में लेकर शव परीक्षण उपरांत अंतिम संस्कार के लिए शव परिजनों को सौंप दिया और मामले की जांच में जुट गई है।

### तेज बहाव में बह गया था अधेड़

प्रत्यक्षदर्शियों ने अधेड़ को किकरकुंड जल प्रपात में गिरते तो देखा था परन्तु उसे बहते किसी ने नहीं देखा था इसी वजह से मेंहदवानी पुलिस तथा एसडीईआरएफ डिंडौरी द्वारा किकरकुंड में ही तलाश किया जा रहा था। जबकि मृतक पानी के तेज बहाव में बहकर किकरकुंड जल प्रपात से लगभग 3 किलोमीटर दूर चला गया था।

### श्री अन्न के 20 प्रदर्शनों का हुआ आयोजन

**डिंडौरी।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत कार्यरत कृषि विज्ञान केन्द्र डिंडोरी के द्वारा विकासखंड समनापुर के निकरा ग्राम पड़रिया में कोदो एवं कुटकी के 20 प्रदर्शनों का आयोजन कुल 08 हैक्टेयर में आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ पीएल अंबुलकर के मार्गदर्शन एवं डॉ गीता सिंह के नेतृत्व में हुआ। डॉ गीता सिंह ने बताया कि इस क्षेत्र की जलवायु व भूमि श्री अन्न की खेती के लिए बहुत ही अनुकूल है। इसी क्रम में कोदो की जेके 137 किस्म एवं कुटकी की जेके 4 उन्नत किस्म का बीज कृषकों को उपलब्ध कराया गया ताकि अच्छा उत्पादन प्राप्त हो । श्री अन्न की उत्पादन तकनीकी पर विस्तार से चर्चा हुई साथ ही संभावित समस्याओं का समाधान भी बताया गया। श्री अन्न फसलों के लाभ एवं उपयोग पर विस्तृत जानकारी दी गई।

**खबर संक्षेप**

## मनकवारा में चली गोली घायल युवक जबलपुर मेडिकल रेफर

**नरसिंहपुर।** जिले के गोटेगांव थाना अंतर्गत आने वाले मनकवारा गांव में बीती रात गोली चलने की खबर सामने आई। वहीं प्राप्त जानकारी के अनुसार गोटेगांव टी आई सहदेव साहू ने बताया कि मामला संदेहास्पद है, रात में गोली चली है इसके अलावा घटनास्थल पर मौके पर पांच जिंदा कारतूस भी मिले हैं जिसमें एक युवक रामेश्वर लोधी को जांघ में गोली लगने की उन्होंने पुष्टि की है घायल को जबलपुर मेडिकल रेफर किया गया है। जिस पर 307 का मामला दर्ज कर एक युवक को गिरफ्तार किया है दूसरे की तलाश की जा रही है। पकड़े गये युवक से पूछताछ कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## बरगी नहरों से जल लेने किसानों से मांग पत्र आमंत्रित

**नरसिंहपुर।** वर्ष 2024 की खरीफ फसलों की बरगी नहरों से सिंचाई के लिए जल लेने गोटेगांव, नरसिंहपुर एवं करेली तहसील के संबंधित 183 ग्रामों के किसानों से 31 जुलाई 2024 पूर्व मांग पत्र एवं अनुबंध प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है, ताकि नहरों से खरीफ फसलों के लिए निर्धारित तिथि से जल प्रवाह किया जा सके। इन ग्रामों में मुख्य नहर की आरडी 81.30 से 130.670 किमी तक वितरण प्रणालियों में क्रमशरू केसली माइनर, सिवनी डिस्ट्रीव्यूटरी, मातनपुर माइनर, भदगवां शाखा नहर, अंडिया, सुरगी, कंदेली व रहली डिस्ट्रीव्यूटरी और मुख्य नहर 102 से 130.670 किमी के बीच डायरेक्ट माइनरों से लगभग 8 हजार हेक्टर भूमि में निर्मित नहर प्रणाली से खरीफ फसलों की सिंचाई करने का लक्ष्य रखा गया है। इस सिलसिले में कार्यपालन यंत्री ने संबंधित ग्रामों के किसानों से आग्रह किया है कि वे जल उपभोक्ता संथा कुटरी, इमलिया, बेदू, गुंदरई, बम्हनी, मगरधा, बेलखेड़ा, तिंदनी, ठेमी, बौछार, मचवारा, करकबेल, धमना, मैनावारी, नरसिंहपुर, नवलगांव, नंदवारा, झगरहाई, सूरजगांव, बाघपौड़ी, लुरहेटा, बरखेड़ा, निवारी, खुरपा, गोबरगांव एवं समनापुर (प्रस्तावित) के माध्यम से अनुविभागीय अधिकारी रानी अवंती बाई लोधी सागर नहर उप संभाग क्रमांक एक नरसिंहपुर, क्रमांक एक पाला, वितरण अनुविभाग करकबेल बरहेटा को 31 जुलाई 2024 के पूर्व तक मांग पत्र एवं अनुबंध पत्र प्रस्तुत करें।

### केबिनेट मंत्री ने किया विधानसभा के बूथ ऐजेंट का सम्मान

# भाजपा की सरकार बनाने वाली महत्वपूर्ण कड़ी है बूथ एजेंट - प्रहलाद सिंह पटैल




**नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश शासन के पंचायत ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल व विधानसभा के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में नरंसिहपुर विधानसभा के मंडल नरंसिहपुर नगर, ग्रामीण, नर्मदा, करेली ग्रामीण के वर्ष 1980 से वर्तमान चुनाव तक बूथ ऐजेन्ट बनने वाले पुराने एवं नये कार्यकर्ताओं का सम्मान किया। उन्होने सभी वरिष्ठ व युवा पीढी के ऐजेन्टों का माला एवं शॉल पहनाकर अभिनंदन कर संवाद किया। बूथ ऐजेन्टों ने अपने मतदान अभिकर्ता के रूप में प्राप्त हुए अनुभवों को सभी के साथ साझा किया। केबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रत्येक मतदान केन्द्र पर हमारी पार्टी की बूथ इकाई जिसमें बूथ समिति पन्ना प्रमुख, त्रिदेव व बूथ ऐजेन्ट उपस्थित है इनमें बूथ ऐजेन्ट पार्टी के निर्वाचन की जिम्मेदारी निभाने वाली महत्वपूर्ण व अन्तिम कड़ी है जो लगातार भाजपा की सत्ता बनाने का कार्य कर रही है। पूर्व व वर्तमान समय में बूथ ऐजेन्टों की सक्रियता ही बूथ पर हार जीत को तय करती है। हमारा ऐजेन्ट जितना सजग व सक्रिय रहेगा उसका परिणाम हमारे मत प्रतिशतों पर पड़ेगा क्योंकि बूथ ऐजेन्ट ही वार्ड या ग्राम की मूल इकाई होती है। जिसे उस क्षेत्र की सम्पूर्ण डेमोग्राफिक जानकारी होती है। न्यूज चेनलों के सर्वे तो आज के समय में विभिन्न माध्यमों से हमें प्राप्त होने लगे है। मगर आज भी पार्टी के सर्वे का मुख्य आधार बूथ ऐजेन्टों द्वारा दिया गया फीडबैक है। पार्टी में सदैव संगठनात्मक चुनाव संवैधानिक प्रक्रिया के अन्तर्गत होते रहते है जिसमें केन्द्रीय संगठन से लेकर बूथ स्तर तक के संगठन में बदलाव होता रहता है। परंतु हमारे 80 प्रतिशत बूथ ऐजेन्ट यथावत रहते है। कई परिवारों की तो तीसरी पीढी बूथ पर बैठने का कार्य कर रही है। आपकी पार्टी के प्रति इसी कर्तव्य निष्ठा के कारण ही पार्टी का विस्तार हो रहा है और आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में स्थापित है। आप इसी प्रकार पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाने हेतु निरंतर कार्य करते रहे। उन्होने सभी का अभिनंदन करते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रषित की।



उक्त कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति काकोड़िया, वनोपज संघ जिलाध्यक्ष देवी सिंह पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष मातवर सिंह पटैल,करेली जनपद अध्यक्ष प्रतिज्ञा परिहार, जिला पंचायत अध्यक्ष सीताराम नामदेव, वरिष्ठ नेता सुनील कोठारी, जिला उपाध्यक्ष विनीत नेमा, मंडल अध्यक्ष रमाकांत चैबे, परषोत्तम पटेल, ब्रजेश पटेल, राव महेन्द्र सिंह, राजा कौशलेन्द्र सिंह, रत्नेश डबरैया, प्रमोद श्रीवास्तव, राजेश रघुवंशी, मेरसिंह गुमास्ता, अभिजीत महाजन, जीतेन्द्र अग्रवाल, रजनीश जैन सहित मंडलों में निवासरत बूथ ऐजेन्ट जिला पदाधिकारी, मंडल पदाकारी, मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन की मौत, एक गंभीर रूप से घायल



### कंटेनर ने मारुति वैन को मारी टक्कर

**नरसिंहपुर।** जिले के सुआतला थाना अंतर्गत राजमार्ग चैराहे पर आज सुबह एक भीषण सड़क हादसा हुआ जिसमें एक कंटेनर ने मारुति वैन को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में मारुति वैन में बैठे डोभी निवासी एक ही परिवार के दो युवकों की मौत हो गई।वहीं एक घायल को स्थानीय लोगों और पुलिस ने मिलकर मारुति वैन से निकालकर तुरंत करेली अस्पताल जहां से डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। वहीं मृतक शिवम पिता पूरन मेहरा इलेक्ट्रिकल्स की दुकान पर काम करता है। वहीं श्रीकांत उर्फ आकाश मजदूरी का काम करता है, इन दोनों की मौके पर भी मौत हो गई। जबकि नितेश साहू नामक युवक गंभीर रूप से घायल है। सभी युवकों की उम्र 25 से 30 वर्ष के बीच बताई जा रही है स्थानीय लोगों ने बताया कि तीनों युवक आज सुबह कुछ सामग्री खरीद करने के लिए राजमार्ग पहुंचे थे जो चाय पीने के लिए चैराहे पर खड़े हुए और इसी दौरान भोपाल से जबलपुर की ओर जा रहे कंटेनर ने कार को टक्कर मार दी।

### सगौनी निवासी बाइक चालक की हुई मौत

कोतवाली थाना अंतर्गत आनेवाले गांव सगौनी निवासी सोनू पिता भाईलाल चैधरी उम्र 23 वर्ष बाइक से अपनी



भांजी को घर छोड़ने जा रहा था। उसी दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर रीछई कुम्हरोड़ा के पास बाइक से उसकी जोड़दार भिड़ंत हो गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं 1033 एंबुलेंस की सहायता से उसे नरसिंहपुर जिला अस्पताल उपचार के लिए लाया गया। जहां डॉक्टर ने परीक्षण के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं अस्पताल पुलिस चैकी में शव का पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## सर्व शिक्षा अभियान में नियुक्तियों को लेकर मध्य प्रदेश शिक्षक संघ ने जताया आक्रोश

### चार साल पूरे करने वाले प्रतिनियुक्ति अमले को मूल शाला में भेजें



**नरसिंहपुर।** विगत दिवस देर शाम को जिला शिक्षा अधिकारी नरसिंहपुर कार्यालय पहुंचकर मध्य प्रदेश शिक्षक संघ नरसिंहपुर के वरिष्ठ पदाधिकारी गण ने डीईओ अनिल ब्यौहार से मुलाकात की। जिसमें शिक्षा विभाग में वर्तमान में जारी कार्यवाहियो की समीक्षा की बात की गई। तदुपरांत सौपे गए ज्ञापन पत्र में जिला शिक्षा केंद्र नरसिंहपुर द्वारा सर्व शिक्षा अभियान में मनमानी और फर्जीवाड़े की तर्ज पर की गई नियुक्तियों प्रतिनियुक्ति आदेशों पर आक्रोश जताया। कहा गया कि तत्काल नवभारत साक्षरता मिशन में अतिशेष शिक्षकों की गाइडलाइन को दरकिनार कर राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के नियम के विरुद्ध गुपचुप और मनमाने तरीके से बनाए गए जिला ब्लॉक और संकुल सह समन्वयको को उनके मूल शाला हेतु कार्य मुक्त किया जावे।जिससे स्कूलों में बाधित हो रही अध्यापन की गतिविधियां सुचारू रूप से शुरू हो सके। बताया गया कि सह समन्वयक की नियुक्ति में केवल अतिशेष शिक्षकों को ही खुली सूचना जारी कर नामांकन करना था मगर अतिशेष शिक्षकों की सूची से सत्यापन ही नहीं कराया गया। पदाधिकारीयो ने ज्ञापन देते वक्त कहा कि फर्जी तरीके से अयोग्य अपात्र सह समन्वयक बने शिक्षक साक्षरता अभियान में जबरन लक्ष्य पूर्ति करने के लिए सर्वे में भारी गड़बड़ी और विसंगति पैदा कर रहे हैं।शिक्षको पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है जिससे स्कूलों में पढ़ाई पूरी तरह बर्बाद हो रही है।

### चार साल की प्रतिनियुक्ति वाले जनशिक्षकों को हटाएं

जनशिक्षक बीआरसी सहित बीएसी की 4 साल प्रतिनियुक्ति अवधि पूरी करने वाले माध्यमिक शिक्षक के अमले को उनके मूल शालाओं में वापस भेज कर नई प्रतिनियुक्ति प्रक्रिया शुरू की जावे जबकि रायसेन राजगढ़ जैसे अन्य तमाम जिलों में यह प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है ।वही नरसिंहपुर जिले में पिछली काउंसलिंग दिसंबर 2019 में हुई थी। जिसके 4 साल बाद दिसबर 2023 में नई प्रतिनियुक्ति हेतु काउंसलिंग हो जाना चाहिए था मगर 6 से 7 माह का विलंब किए जाने पर संघ ने नाराजगी जाहिर की।

### कनिष्ठ वर्ग को वरिष्ठ और उच्च संवर्ग के ऊपर दिया गया है प्रभार

स्कूलों और कार्यलय में वरिष्ठ और उच्च संवर्ग के शिक्षकों के होते हुए भी कनिष्ठ संवर्ग को प्रभारी बनाने की बेवजह गफलत की जा रही है जिससे स्कूलों में विद्यार्थियों की पढ़ाई पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। कनिष्ठ और निचली संवर्ग के शिक्षकों को माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षक की उपलब्धता के बाद भी जबरन बड़े प्रभार सौंपने की गफलत वरिष्ठता के नियमों का खुला उल्लंघन है।साथ ही सभी सदस्यों पदाधिकारियों ने जिला प्रशासन से डीपीसी कार्यालय की फर्जी तरीके से की जा रही अवैध प्रतिनियुक्ति पर गहन असंतोष व्यक्त कर प्रतिनियुक्ति हेतु नियम विरुद्ध तरीके से की गई काउंसलिंग रद्द करने की मांग की।

## ए मेरे वतन के लोगों....




### महाकवि प्रदीप की स्मृति में व्याख्यान एवं रचना पाठ आयोजित



**नरसिंहपुर।** साहित्य अकादमी म.प्र. संस्कृति परिषद म.प्र. शासन भोपाल द्वारा महाकवि प्रदीप की स्मृति में एम. आई.एम.टी. कॉलेज में व्याख्यान एवं रचना पाठ का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजली दी गयी। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में पं. मैथिलीशरण तिवारी, ने मुख्य अतिथि के रूप में महाकवि प्रदीप के साहित्यिक योगदान को रेखांकित करते हुए उन्हे जनमानस का कवि निरूपित किया। डॉ विकास दवे ने मंचासीन अतिथियों का स्वागत करते हुए राष्ट्रकवि प्रदीप को समर्पित साहित्यिक आयोजन की परिकल्पना 'ए मेरे वतन के लोगों' के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आयोजित प्रथम व्याख्यान सत्र में साहित्यकार नीतेष जोशी बड़नगर ने महाकवि प्रदीप के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनकी रचनाओं की साहित्यिक समीक्षा की। श्रीमती आराधना दुबे ने महाकवि प्रदीप की रचनाओं को तात्कालिक परिस्थितियों में समाज एवं देश को एक सूत्र में बाँधने वाली कविता बताया। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन, दीपप्रज्जवलन एवं कवि प्रदीप को पुश्पांजलि अर्पित कर किया गया। श्रीमती कामनी दुबे द्वारा महाकवि प्रदीप का कालजयी गीत 'ये मेरे वतन के लोगों' की सुमधुर प्रस्तुति दी गयी। इंजी. रूद्रेश तिवारी ने साहित्य अकादमी, निदेशक डॉ विकास दवे, कार्यक्रम अधिकारी राकेश सिंह एवं कवि गुरू प्रसाद सक्सेना का शॉल, श्रीफल एवं स्मृतिचिन्ह से स्वागत किया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र अंतर्गत रचना पाठ का आयोजन कवि गुरू प्रसाद सक्सेना डॉ. सुधीर सिंघई,पुष्पेन्द्र दुबे डॉ गनेश कुमार सोनी, श्रीमती वंदना विनम्र, अमित जैन, ललित नाथ, आशीष सोनी, सुश्री मेघा आनन्द मिश्रा ने अपना रचना पाठ किया। डॉ. अशोक कुमार गर्ग, ने आभार प्रदर्शन तथा संचालन डॉ. पराग नेमा, द्वारा किया गया। कार्यक्रम में एम.आई.एम.टी. स्टॉफ एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रहीं।

## यूनियन बैंक शाखा प्रबंधक धोखाधड़ी मामले में दोषमुक्त

### चतुर्थ अतिरिक्त सत्र न्यायालय का फैंसला

**नरसिंहपुर।** न्यायालय चतुर्थ अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश नरसिंहपुर श्रीमती रश्मिना चतुर्वेदी ने यूनियन बैंक शाखा प्रबंधक अरविंद कुमार आर्या को धारा 409, 420 भा.द.वि. के मामले में निर्दोष बरी कर दिया है। बैंक मैनेजर पर आरोप था कि उन्होंने यूनियन बैंक शाखा करेली में प्रबंधक रहते हुए बैंक के खाता धारक के संयुक्त केसीसी खाता में 150000 रुपए जमा करने दिए जाने पर केवल 80000 रुपए जमा किए थे। अभियोजन मामले के अनुसार शिकायतकर्ता विजय कुशवाहा ने पुलिस को आवेदन दिया था कि वह 17 फरवरी 2023 को अपने पिता दमरूलाल व मां श्रीमती कमलाबाई के संयुक्त केसीसी खाता के संबंध में यूनियन बैंक मैनेजर करेली अरविंद कुमार आर्या से मिला तो उन्होंने समझौता योजना के अंतर्गत एकमुश्त डेढ़ लाख रुपए जमा करने कहा था। जब शिकायतकर्ता ने कहा कि उसके पास इतने रुपए नहीं है तो उन्होंने कहा कि तुम्हारा बैंक खाता कहां है, मैं रुपए निकलवा देता हूं और सेंट्रल बैंक गोगावली फोन किया। जहां से विजय कुशवाहा डेढ़ लाख रूपए लेकर आया और बैंक मैनेजर को दिए थे किंतु उन्होंने केवल अस्सी हजार रुपए खाता में जमा कर धोखाधड़ी की है। पुलिस थाना करेली ने इस शिकायत पर आरोपी के खिलाफ आपराधिक न्यासभंग एवं बेईमानी पूर्वक छल करने के लिए धारा 409, 420 भा.द.वि. का अपराध कायम किया। बैंक के सीसीटीवी फुटेज इत्यादि जप्त कर मामला न्यायालय में प्रस्तुत हुआ। अभियुक्त की ओर से एडवोकेट देवेन्द्र गोस्वामी ने पैरवी की।

## स्कंदाश्रम नैमिषारण्य धाम में भव्य गुरुपूर्णिमा उत्सव

### गुरु पूर्णिमा पर होंगे विविध आयोजन



तेंदूखेड़ा श्री श्री मां पराम्बा राजराजेश्वरी मां जगतानंदी नर्मदा के अनन्य साधक तपोनिष्ठ संत प्रवर परम पूज्य सदगुरुदेव श्री स्वामी षणमुखानंद पुरी जी महाराज हीरापुर वालों द्वारा निरंतर तप साधना के क्रम में मैया की प्रेरणा से पुनः 1008 दिवसीय क्षेत्र संन्यास के विराट संकल्प के अंतर्गत पूज्य श्री स्वामी जी विगत 17 अप्रैल 2024 से अष्टम बैकुंठ, ऋषिभूमि, अतिपुनीत क्षेत्र, नैमिषारण्य तीर्थ स्थित नूतन देवालय श्री राजराजेश्वरी मंदिर शक्तिपीठ, स्कंदाश्रम परिसर में 1008 दिवसीय क्षेत्र साधनारत हैं। जहां कल रविवार 21 जुलाई को भव्यता पूर्वक गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया जावेगा। जिसमें मध्य प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों के श्री राजराजेश्वरी भक्त मंडल के सेवक बड़ी संख्या में एकत्र हो रहे हैं, जो श्री गुरु चरण पादुका पूजन करेंगे। अपरान्ह 12 बजे श्री चक्र नवावरण अर्चन पूजन के उपरांत रात्रि 8 बजे तक पादुका पूजन का कार्यक्रम चलेगा जिसमें शिष्य परिवार को श्री सद्गुरु स्वामी जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त होगा।

### 7 वर्ष तक नर्मदा नदी में नाव में रहकर साधना

अपनी कठिन साधना, तप, अनुष्ठान, संकल्पों के लिए संत समाज में पूजनीय श्री स्वामी जी का जीवन कठिन तप साधना के लिए सदैव चर्चाओं में रहा है। उन्होंने अपने जीवन का पांच दशक से अधिक समय साधना क्रम को ही समर्पित किया है। वर्ष 1989 से 2005 तक मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर जिले में नर्मदा तट स्थित तपोभूमि हीरापुर धाम में उन्होंने विराट तप 16 वर्षीय क्षेत्र सन्यास किया और 16 वर्ष तक मंदिर परिसर, नर्मदा तट से बाहर नहीं गए। श्री स्वामी जी का यह साधना क्रम निरंतर रहा। वह भारतभूमि के ऐसे विरले संत हैं, जिन्होंने वर्ष 2007 से 2014 तक निरंतर 7 वर्ष तक नर्मदा नदी पर नाव में रहकर तप साधना की। श्री राजराजेश्वरी मंदिर आश्रम बेंगलुरु कर्नाटक में अपने गुरु परम पूज्य स्वामी श्री शिवरत्न पुरी जी महाराज के सानिध्य में शिक्षा दीक्षा पूर्ण कर, संस्कृत शिक्षा एवं अंग्रेजी माध्यम से ग्रेजुएशन पूर्ण कर श्री स्वामीजी का गुरु आज्ञा से वर्ष 1979 में हीरापुर ग्राम के समीप नर्मदा तट, सिंदूर-नर्मदा के सिद्धावती संगम में नर्मदा परिक्रमा के पश्चात सिद्धों से साक्षात्कार के उपरांत प्रथम हीरापुर पदार्पण हुआ। तदंतर विगत लगभग 45 वर्षों से प्रतिदिन श्री चक्र नवावरण अर्चन, श्री विद्या उपासना पूजन के रूप में कठिन साधना कर रहे पूज्य सदगुरुदेव श्री स्वामी जी महाराज का संपूर्ण जीवन साधना क्रम को ही समर्पित रहा है।

### 2 बार नंगे पैर पैदल अनुष्ठानिक नर्मदा परिक्रमा

उनके ध्येयनिष्ठ, अनुशासित जीवन क्रम में वत्सला मां श्री रेवा नर्मदा जी के प्रति उनके अटूट समर्पण से मैया की कृपा से उन्होंने दो बार तीन वर्ष, तीन माह, तेरह दिन की संपूर्ण विधि विधान से अनुष्ठानिक नर्मदा परिक्रमा नंगे पैर पैदल चलकर पूर्ण की है। इसके साथ साथ अनेकों बार वाहनों से भी नर्मदा परिक्रमा संपन्न की है। संत समाज ने उन्हें अनेकों अवसरों पर नर्मदा पुत्र के रूप में भी उद्घोषित किया है।

### दो विराट लक्ष चंडी यज्ञ

पूज्य श्री स्वामी जी कहते हैं कि इच्छाशक्ति प्रबल हो तो कार्य सिद्ध होते हैं। उन्होंने अपने याज्ञिक जीवन साधना के क्रम में अनेक विराट अनुष्ठान सहज रूप में आयोजित किए हैं। हीरापुर धाम में वर्ष 1998 एवं वर्ष 2014 में 2 बार लक्ष चंडी यज्ञ जैसे सफल व विराट अनुष्ठान श्री स्वामी जी की दृढ़ इच्छाशक्ति के प्रमाण हैं। हीरापुर धाम में विगत 35 वर्षों से उनके द्वारा श्री राजराजेश्वरी यज्ञ का आयोजन प्रतिवर्ष किया जा रहा है। श्री स्वामी जी के संयोजकत्व में विभिन्न स्थानों पर सहस्त्र चंडी यज्ञ, श्रीमद् भागवत कथाएं, श्री राम कथाएं, श्री शिव पुराण, श्री नर्मदा पुराण, कन्या पूजन जैसे विभिन्न अनुष्ठान निरंतर धर्म अध्यात्म प्रवाहना कर रहे हैं।

### विविध देवालय, आश्रमों का निर्माण

श्री स्वामी जी के संकल्प क्रम में श्री राजराजेश्वरी मंदिर श्री कैलाश कुटी आश्रम हीरापुर धाम सहित पावन तीर्थ नैमिषारण्य में विराट श्री राजराजेश्वरी मंदिर एवं स्कंदाश्रम, ओंकारेश्वर धाम में निर्माणाधीन विशाल सात मंजिला रेवा सदन एवं आश्रम, उज्जैन, सेमलदा, चांदगढ़ कुटी, मंडला में मंदिर व आश्रम, खिरेटी में माता वाराही देवी का दिव्य मंदिर स्थित है। इन सभी स्थानों के अतिरिक्त देशभर के राजराजेश्वरी भक्त मंडल के भक्तगण, शिष्य परिवार के हजारों हजार समर्पित सदस्य सदगुरुदेव श्री स्वामी जी महाराज के श्री चरणों की सेवा में समर्पित हैं व कृपापात्र हैं।